Accountancy

लेखाशास्त्र

(320)

Assignment - I

मूल्यांकन पत्र - I

(Lessons 1-12)

(पाठ 1 से 12 तक)

Max. Marks: 25

कुल अंक : 25

Note: (i) All questions are compulsory. Each question carries equal marks.

टिप्पणी: सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

(ii) Write your name, enrolment number, AI name and subject etc. on the top of the first page of the answer sheet.

उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम, विषय आदि स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) "The function of accounting is to provide quantitative information primarily financial in nature about economic entities, which is intended to be useful in making economic decisions". In the light of above statement enumerate various functioins performed by financial Accounting.

''लेखांकन का कार्य आर्थिक इकाइयों की सूचना उपलब्ध कराना है जो मूलतः वित्तीय प्रकृति की होती हैं तथा जिसे आर्थिक निर्णय लेने में उपयोगी माना जाता है।'' उपरोक्त कथन को ध्यान में रखकर वित्तीय लेखांकन के विभिन्न कार्यों की गणना कीजिए।

(b) 'For accounting pruposes revenues are recoginised when they become receivable and expenses are recognised when they become payable'. Name the accounting concept to whch the statement relates to. Explain in brief the accounting concept with example.

'लेखांकन के लिए आगम तभी मानी जाएगी जबकि उसकी प्राप्यता निश्चित हो जाए तथा व्यय को तभी माना जाएगा जबकि उसकी देयता बन जाए।' वह कौन सी लेखांकन अवधारणा है जिससे यह कथन संबंधित है? उसका नाम बताइए। उदाहरण देकर इस अवधारणा को समझाइए।

(c) Vikram has the following business transactions. He is unable to identify them to the type of vouchers which should be prepared for these transactions. Help him and also prepare the relevant accounting vouchers.

(i)	Goods sold on credit to M/s Maya Traders	Rs. 20000
(ii)	Paid office rent	Rs. 4000
(iii)	Cash purchases	Rs. 15000
(iv)	Furniture purchased for cash	Rs. 5000

विक्रम के नीचे दिये गये व्यावसायिक लेन देन हैं। वह समझ नहीं पा रहा है कि उसे इन लेन देनों के कौन–कौन से प्रमाणक बनाने चाहिए। उसकी सहायता कीजिए तथा संबंधित लेखा प्रमाणक बनाइए।

(i)	मै० माया ट्रेडर्स को उधार माल बेचा	20000 रु.
(ii)	कार्यालय का किराया दिया	4000 रु.
(iii)	नकद माल खरीदा	15000 रु.
(iv)	नकद फर्नीचर खरीदा	5000 रु.

2. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) Prepare accounting equation on the basis of the following transactions:

		Rs.
(i)	Bharat Started business with: Cash	95000
	goods	35000
(ii)	Opened Bank Account in SBI	30000
(iii)	Goods purchased for: cash	22000
	credit	40000
(iv)	Goods costing Rs. 10000/- sold for cash	12500
(v)	Salary outstanding	7000
(vi)	Cash paid to creditors in full settlement	39500

निम्न लेन देनों के आधार पर लेखा समीकरण बनाइयेः

		रु०
(i)	भारत ने व्यवसाय प्रारम्भ कियाः रोकड़	95000
	माल	35000
(ii)	SBI में खाता खोला	30000
(iii)	माल का क्रय कियाः रोकड़	22000
	उधार	40000
(iv)	10000 रु. की लागत का माल नकद में बेचा	12500
(v)	अदत्त वेतन	7000
(vi)	लेनदारों को पूर्ण भुगतान करते हुये रोकड़ भुगतान किया	39500

(b) Why is ledger known as the Primary Book or the Principal Book of Accounts? Can profit of the Business and its financial position be known without maintaing ledger?

खाता बही को खातों की प्राथमिक एंव प्रधान बही क्यों कहा जाता है? क्या बिना खाता बही के व्यवसाय के लाभ तथा उसकी वित्तीय स्थिति का पता लग सकता है?

(c) Enter the following transactions in the Journal of M/s Tools Mart:

(i) Salary outstanding Rs. 4500/-

(ii) Insurance Premium prepaid Rs. 3000/-

(iii) Goods given as charity of Rs. 5000/-

(iv) Rent received in advance Rs. 10000/-

मै. टूल मार्ट के रोजनामचे में निम्न लेनदेनों का लेखा करें:–

(i) अदत्त वेतन 4500 रु.

(ii) पूर्वदत्त बीमा प्रीमियम 3000 रु.

(iii) 5000 रु. का माल दान में दिया

(iv) अग्रिम प्राप्त किराया 10000 रु.

3. Prepare Bank Column Cash Book from the following information for March 2008

			Rs.
March	1	Cash in hand	2000
		Bank overdraft	9500
	4	Cash received from Raju	7500
	7	Cash sales	10500
	11	Deposited into Bank	12500
	16	Goods sold for cash	7600
	22	Paid Telephone Bill	1000
	28	Purchased goods and paid by cheque	12000
	31	Withdrew cash for personal use	1000

निम्न सूचनाओं से मार्च 2008 के लिए बैंक स्तंभ रोकड़ बही तैयार कीजिएः

मार्च	1	हस्तस्थ रोकड़	2000
		बैंक अधिविकर्ष	9500
	4	राजू से रोकड़ प्राप्त की	7500
	7	नकद विक्रय	10500
	11	बैंक में जमा किया	12500
	16	माल का नकद विक्रय	7600
	22	टेलीफोन बिल का भुगतान किया	1000
	28	सामान खरीदा और चैक द्वारा भुगतान किया	12000
	31	स्वयं के लिए पैसा निकाला	1000

Or (अथवा)

Prepare Bank Reconciliation Statement as on 31st July 2008 of M/s Rahul Travels from the following information:-

	Rs.
Bank overdraft as per cash book on 31st July 2008	76000/-
Cheque issued but not presented for payment	22500/-
Cheque deposited but not yet collected by the Bank	10500/-
Dividend collected by Bank	7000/-
Bank overdraft charges but were not yet entered in the cash book	360/-

दी गई सूचनाओं से 31 जुलाई 2008 को मै. राहुल ट्रेवल्स का बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए–

31 जुलाई 2008 को रोकड़ बही के अनुसार बैंक अधिविकर्ष शेष 76000/- था। 22500/- रु. के चैक का निर्गमन किया गया लेकिन भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं हुआ। संग्रहण हेतु 10500/- रु. के चैक बैंक में भेजे गए लेकिन बैंक को भुगतान प्राप्त नहीं हुआ।

बैंक द्वारा 7000/- रु. लाभांश इकट्ठा किया गया। बैंक अधिविकर्ष व्यय 360 रु. लगाया गया लेकिन अभी तक रोकड़ बही में इसकी प्रविष्टि नहीं की गई।

4. Differentiate between Manual accounting and Computerised accounting system.
मैनुअल लेखांकन एवं कम्प्यूटीकृत लेखांकन पद्धति के मध्य अंतर कीजिए।

Or (अथवा)

Pass necessary Journal entries to rectify the following errors:-

(i) Purchase of goods from Mohit for Rs. 5000 was entered in the Sales Book, however Mohit's A/c was correctly credited.

(ii) Sales book was overcast by Rs. 2000/-

(iii) Namita was paid cash Rs. 7500 but Naresh was debited by 6500.

(iv) Old furniture sold for Rs. 3800 was entered in the sales book.

नीचे दी गई अशुद्धियों का शोधन आवश्यक रोजनामचा में प्रविष्टि द्वारा करें:

(i) मोहित से 5000 रु. का माल क्रय किया जिसकी विक्रय बही में प्रविष्टि की गई जबकि मोहित के खाते में जमा में ठीक लिखा गया।

(ii) विक्रय बही का योग 2000 रु. अधिक लगाया गया।

(iii) नमीता को 7500 रु. का रोकड़ भुगतान किया लेकिन नरेश के खाते में 6500 रु. नाम लिखे गये।

(iv) 3800 रु. का पुराना फर्नीचर बेचा गया जिसे विक्रय बही में लिख दिया गया।

5. **Project work**

Rohit received bank statement but to his surprise the balance shown by the statement was much less then the balance which his cash book was showing. While he was worrying about it, his friend Nidan visited him. He compared the entries in the bank statement and corresponding entries in the cash book. He found few items of deposits and withdrawls some of which were recorded in the bank statement but not in the cash book and others which were recorded in cash book but not in bank statement. He noted down them in the form of statement and arrived at the correct balance i.e. he prepared a bank reconciliation statement. Try to compare your own or your friends bank statement with your and your friends cash book from time to time and find out the other reasons of differernce in their balances and prepare a list of the same.

परियोजना कार्य

रोहित को बैंक से बैंक विवरण प्राप्त हुआ लेकिन उसे आश्चर्य हुआ कि उसमें दर्शाया गया बैंक शेष उसकी रोकड़ बही द्वारा दर्शाए शेष से काफी कम था। जब वह इस पर चिन्ता कर रहा था तभी उसका मित्र निदान उसके पास आया। उसने बैंक विवरण में दी गई प्रव ष्टियों का रोकड़ बही में दी गई प्रविष्टियों से मिलान किया। उसने पाया कि कुछ जमा की गई एवं बैंक से निकाली गई राशियों का बैंक विवरण में लेखा किया गया था लेकिन रोकड़ बही में नहीं। इसी प्रकार से कुछ का लेखा रोकड़ बही में लेखा किया गया था लेकिन बैंक विवरण में नहीं। उसने इनको एक विवरण के रूप में लिख लिया तथा सही शेष की गणना कर दी। अर्थात उसने बैंक समाधान विवरण तैयार किया।

अपने अथवा अपने मित्रों के बैंक विवरणों का क्रमशः अपनी एवं अपने मित्रों की रोकड़ बही से समय समय पर मिलान कर दोनों के शेष में अन्तर के अन्य कारण ढूँढिए तथा उनकी एक सूची तैयार कीजिए।

Accountancy
लेखाशास्त्र
(320)
Assignment - II
मूल्यांकन पत्र - II
(Lessons 13-24)
(पाठ 13 से 24 तक)

Max. Marks: 25
कुल अंक : 25

Note: (i) All questions are compulsory. Each question carries equal marks.
टिप्पणी: सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

(ii) Write your name, enrolment number, AI name and subject etc. on the top of the first page of the answer sheet.
उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम, विषय आदि स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) What is meant by not for profit organization? State the objectives of Preparing Income and Expenditure account.
अलाभकारी संगठन से आप क्या समझते हैं? आय एवं व्यय खाता बनाने के उद्देश्य बताइये।

(b) Sports Club India has 300 members each paying annual subscription of Rs. 200. Subscription received during the year was as under:

	Rs.
For 2007	4000/-
2008	50800/-
2009	4000/-
Total	**5880/-**

Subscription outstanding as on December 31st 2007 was Rs. 6000. Subscription received in 2007 for 2008 Rs. 9200. Calculate the amount of subscription to be posted in Income and Expenditure account for the year ended December 31st 2008.

स्पोटर्स क्लब इन्डिया में 300 सदस्य हैं। प्रत्येक सदस्य वार्षिक चन्दे के 200 रु. का भुगतान करता है। वर्ष के दौरान प्राप्त चन्दा निम्न है:

	रुपये
2007 के लिए	4000/-
2008 के लिए	50800/-
2009 के लिए	4000/-
कुल	**58800/-**

31 दिसंबर 2007 का अदत्त चंदा 6000 रु. है। 2007 में 2008 के लिये प्राप्त चंदा 9200 रु. है। 31 दिसंबर 2008 को समाप्त वर्ष के लिये आय व्यय खाते में कितनी राशि दिखाई जाएगी। गणना कीजिए।

(c) What amount of sports material consumed will be shown in Income and Expenditure account for the year ended December 31st 2008? Calculate.

Stock of sports material as on Jan. 1st 2008	Rs. 16900
Stock of sports material as on Dec. 31st 2008	10100
Creditors for sports materials as on Jan. 1st 2008	7500
Creditors for sports material as on Dec. 31st 2008	10500
Amount paid for sports material during the year	72600
Advance paid for sports material as on Dec. 31st 2008	6500

वर्ष समाप्ति 31 दिसम्बर 2008 के आय व्यय खाते में खेलकूद के सामान के उपयोग की क्या राशि दिखाई जायेगी? गणना कीजिए।

1 जनवरी 2008 को खेल–कूद के सामान का स्टॉक	Rs. 16900
31 दिसम्बर 2008 को खेल–कूद के सामान का स्टॉक	10100
1 जनवरी 2008 को खेल–कूद के सामान के लेनदार	7500
31 दिसम्बर 2008 को खेल–कूद के सामान के लेनदार	10500
वर्ष में खेलकूद के सामान के लिए भुगतान	72600
31 दिसम्बर 2008 को खेल कूद के सामान के लिए अग्रिम भुगतान	6500

2. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) Calculate Gross Profit from the following information as on 31st March 2008:

	Rs.
Sales	320000/-
Purchases	210000/-
Carriage on Pruchases	7500/-
Purchase Returns	2000/-
Sales Returns	3500/-
Opening stock	28500/-
Carriage on Sales	10500/-
Closing stock	32500/-

31 मार्च 2008 को दी गई निम्न सूचना से सकल लाभ की गणना कीजिएः

	रु०
विक्रय	320000/-
क्रय	210000/-
क्रय पर भाड़ा	7500/-
क्रय वापसी	2000/-
विक्रय वापसी	3500/-
प्रारम्भिक रहतिया	28500/-
विक्रय पर भाड़ा	10500/-
अन्तिम रहतिया	32500/-

(b) What is the difference between accrued income and unearned income? Write their treatment in financial statements.

उपार्जित आय एवं अनुपार्जित आय में क्या अंतर है? वित्तीय विवरण में इनका लेखांकन किस प्रकार से किया जाएगा। लिखें।

(c) Arrange the following items of a business firm in permanency order:

	Rs.
Bank Overdraft	46000/-
Capital	260000/-
Outstanding Expenses	6000/-
Sundry Debtors	76000/-
Loan	20500/-
Bill Payable	22500/-

एक व्यावसायिक इकाई की निम्न देयताओं को स्थिरता क्रम में लिखेंः

	रु०
बैंक अधिविकर्ष	46000/-
पूँजी	260000/-
अदत्त व्यय	6000/-
विविध लेनदार	76000/-
ऋण	20500/-
देय विपत्र	22500/-

3. The Capital invested in a firm is Rs. 1200000 and the rate of return in the similar business is 10%. The firm has earned the following profits in the last 4 years:

	Rs.
2005	120000/-
2006	160000/-
2007	140000/-
2008	180000/-

Calculate the value of Goodwill by capitalization method.

एक फर्म में विनियोजित पूँजी 1200000 रु. है। इसी प्रकार के व्यवसाय में प्रत्याय की दर 10% है। फर्म ने पिछले 4 वर्षों में निम्न लाभ अर्जित किया।

	रु०
2005	120000/-
2006	160000/-
2007	140000/-
2008	180000/-

पूँजीकरण विधि द्वारा ख्याति की गणना करें।

Or (अथवा)

Sonu and Monu are equal partners in a firm. They decided to dissolve the Partnership as on March 31st, 2008, when the Balance sheet stood as under:

Balance sheet as on March 31st 2008

Liabilities	Amount (Rs.)	Assets	Amount (Rs.)
Sundry Creditors	27000	Cash at Bank	10000
General Reserve	10000	Sundry Debtors	13000
Bank Overdraft	40000	Stock	40000
Capital		Furniture	27000
Sonu 60000		Machinery	50000
Monu 60000	120000	Investment	570000
	197000		**197000**

Assets were realized as followings:

	Rs.
Investment	72000
Furniture	25000
Stock	42300
Machinery	53500
Sundry Debtors	11500

The creditors were paid 5% less in full settlement. Expenses of realization amounted to Rs. 3700/-. Prepare Realization Account.

सोनू और मोनू एक फर्म में बराबर के साझीदार हैं। 31 मार्च 2008 को इन्होंने साझेदारी के समापन का निर्णय लिया। इस तिथि का स्थिति विवरण इस प्रकार थाः

देयताएं	राशि (रु.)	संपत्तियां	राशि (रु.)
विभिन्न लेनदार	27000	बैंक में रोकड़	10000
सामान्य संचय	10000	विभिन्न देनदार	13000
बैंक अधिविकर्ष	40000	रहतिया	40000
पूँजी		फर्नीचर	27000
सोनू 60000		मशीनरी	50000
मोनू 60000	120000	निवेश	570000
	197000		**197000**

संपत्तियों से वसूली इस प्रकार से थीः

	रुपये
निवेश	72000
फर्नीचर	25000
रहतिया	42300
मशीनरी	53500
विभिन्न देनदार	11500

लेनदारों का 5% कम पर भुगतान कर हिसाब चुकता किया गया। वसूली व्यय 3700 रु. था। वसूली खाता बनाइए।

4. Indian Machines Ltd issued 12000 shares of Rs. 100 each to the public at a discount of Rs. 10 per share. Payable as

On application	Rs. 30
On allotment	Rs. 40 (Rs. 50-Rs.10)
On 1st & final call	Rs. 20 per share

Applications were received for 20000 shares. Allotment was made to applicants of 15000 shares and application of 5000 shares was rejected and their money was returned. The excess money was adjusted towards allotment. All the money was received except call money on 300 shares and these shares were forfeited. Make necessary Journal in the Books of company.

इन्डियन मशीन्स लि० ने जन साधारण को 100 रु० प्रति के 12000 अंश 10 रु० बट्टे पर जारी किये। भुगतान इस प्रकार किया जाना था

प्रार्थना पत्र के साथ	30 रु.
आवंटन पर	40 रु. (50 रु–10 रु.)
प्रथम एवं अन्तिम याचना पर	20 रु.

20000 अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 15000 अंशों के लिए आवेदकों को अंशों का आवंटन किया गया। 5000 अंशों के आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा उनकी राशि लौटा दी गई। अतिरिक्त राशि को आवंटन में समायोजित कर दिया गया। 300 अंशों पर याचना राशि को छोड़ सभी राशि प्राप्त हो गई। यह अंश जब्त कर लिए गये। कंपनी की लेखा पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

Or (अथवा)

Give any five distinctions between Public Company and Private Company.

सार्वजनिक कंपनी एवं निजी कंपनी के बीच कोई पांच अन्तर बताइए।

5. **Project work**

One of your friends has surplus money which he wants to invest in shares but at the same time does not want to take risk. Suggest him the type of shares he can invest in. Also list the characteristics of such shares.

परियोजना कार्य

आपके एक मित्र के पास अतिरिक्त धन है जिसका वह अंशों में निवेश करना चाहता है लेकिन साथ ही वह अधिक जोखिम भी नहीं उठाना चाहता। सुझाव दीजिए कि उसे किस प्रकार के अंशों में निवेश करना चाहिए। इन अंशों की विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए।

Accountancy
लेखाशास्त्र
(320)
Assignment - III
मूल्यांकन पत्र - III
(Lessons 25-30)
(पाठ 25 से 30 तक)
(Including Optional)
(Lessons 31-34)
(पाठ 31 से 34 तक)
(वैकल्पिक पाठ सहित)

Max. Marks: 25
कुल अंक : 25

Note: (i) All questions are compulsory. Each question carries equal marks.
टिप्पणी: सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं।

(ii) Write your name, enrolment number, AI name and subject etc. on the top of the first page of the answer sheet.
उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केन्द्र का नाम, विषय आदि स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए।

(a) Mohan Ltd forfeited 200 shares of Rs. 100 each issued at a premium of Rs. 20 per Share held by Rohit for non payment of allotment money of Rs. 60 per share including premium and 1st and final call of Rs. 30 per share. Out of these 150 shares were reissued to Mohit for Rs. 75 per share fully paid up. Give Jounal entries of forfeiture and reissue of shares.
मोहन लि० ने 100 रु० प्रति के 20 रु० प्रीमियम पर निर्गमित 200 अंशों को जब्त कर लिया। यह अंश रोहित के पास थे तथा इन पर 60 रुपया प्रति अंश (प्रीमियम मिलाकर) आबंटन राशि तथा 30 रु० की प्रथम एवं एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया गया था। इनमें से 150 अंशों को 75 रु० प्रति अंश पूर्ण दत्त पर मोहित को निर्गमित कर दिया गया। अंशों के जब्त करने एवं उनके पुनःनिर्गमन की रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए।

(b) Rohan Tools Ltd purchased machinery from Zenith Ltd for Rs. 960000 and issued 10% debentures of Rs. 1000 each at a premium of 20%. Make necessary journal entries in the books of Rohan Tools Ltd.
रोहन टूल्स लि. ने 960000 रु० की जैनिथ लि० से मशीनरी खरीदी तथाः 1000 रु० प्रति के 20% प्रीमियम पर ऋण पत्र जारी किए। रोहन लि० की लेखा पुस्तकों में रोजनामचा प्रविष्टियां कीजिए।

(c) What do you mean by Debenture? List the various types of Debentures.
ऋणपत्र से आप क्या समझते हैं? विभिन्न प्रकार के ऋणपत्रों की सूची तैयार कीजिए।

2. Answer any **two** of the following questions.
निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिएः

(a) Write short notes on any two:

(i) Fixed Cost (ii) Variable cost (iii) Semi-Variable cost

संक्षेप में लिखिएः

(i) स्थायी लागत (ii) परिवर्तनशील लागत (iii) अर्द्ध–परिवर्तनशील लागत

(b) From the following information, prepare cost sheet:-

Direct material	Rs. 160,000
Direct Labour	Rs. 45,000
Direct expenses	Rs. 15,000

Factory overheads 20% of Prime cost.

Office and administration overheads 25000.

Profit on sales 10%

निम्न सूचना से लागत विवरण तैयार कीजिएः

प्रत्यक्ष सामग्री	160,000 रु०
प्रत्यक्ष मजदूरी	45,000 रु०
प्रत्यक्ष व्यय	15,000 रु०

कारखाना उपरिव्यय मूल लागत का 20% है।

कार्यालय एवं प्रशासन उपरिव्यय 25,000 रु० है।

विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय 32,000 रु० है।

विक्रय पर लाभ 10% है।

(c) From the following information of M/s Richa Industries prepare comparative income statement for the year ended December 31, 2007, 2008.

Details	2007 Amount (Rs.)	2008 Amount (Rs.)
Net Sales	800000	1000000
Profit on sales 20%		
Operating Expenses	80000	100000
Income Tax 50%		

मैं रिचा इण्डस्ट्रीज की निम्न सूचनाओं से 31 दिसम्बर 2007, 2008 को समाप्त वर्ष के लिये तुलनात्मक आय विवरण तैयार कीजिए।

विवरण	2007 राशि (रु०)	2008 राशि (रु०)
शुद्ध विक्रय	800000	1000000
विक्रय पर लाभ 20%		
परिचालन व्यय	80000	100000
आय कर 50%		

3. Annual Sales Rs. 600000

Gross Profit 20% on sales

Opening Stock Rs. 57500

Closing Stock Rs. 625000

Calculate stock turnover ratio and inventory conversion period for 2008. Assume 360 days in a year.

वार्षिक विक्रय 600000 रु०

सकल लाभ विक्रय का 20%

आरंभिक स्टॉक 57500 रु०

अंतिम स्टॉक 62500 रु०

2008 के लिए स्टॉक आवर्त अनुपात एवं स्टॉक परिवर्तन अवधि ज्ञात कीजिए। जबकि वर्ष में 360 दिन मान लिया जाए।

Or (अथवा)

What is meant by the term Overheads? Explain with example types of overheads.
उपरी व्यय शब्द का क्या अर्थ है? विभिन्न प्रकार के उपरी व्ययों को उदाहरण देकर समझाइए।

4. In the balance sheet of X Ltd the position of Machinery account is given as under:

Liabilities	**2007**	**2008**	**Assets**	**2007**	**2008**
Accumulated Depreciation (Machinery)	35,000	39500	Machinery	192,000	195500

Additional Information:

A part of machinery of Rs. 52000 was sold for Rs. 40000. The accumulated depreciation on machinery sold stood as Rs. 12000.

Find the changes that have taken place in the asset and also state their effect on cash flows.

एक्स लिमिटेड के स्थिति विवरणों में मशीनरी खाता नीचे दिया गया है:

देयताएँ	2007	2008	परिसंपत्तियाँ	2007	2008
संचित अवक्षयण (मशीनरी)	35,000	39500	मशीनरी	192,000	195500

अतिरिक्त सूचनाः

52000 रु० की मशीनरी को 40000 रु० में बेचा गया। बेची गई मशीनरी पर संचित अवक्षयण 12000 रु० था।

संपत्ति में परिवर्तन को ज्ञात कीजिए तथा रोकड़ प्रवाह पर उसके प्रभाव को भी बताइए।

Or (अथवा)

A firm maintains its store ledger on the LIFO method. The following is the summary of Receipts & Issue of Materials during the month of December 2008.

2008 December 01 Balance 150 units @ Rs. 12 per unit.

2008 December 05 Purchase vide order No. R-20, 200 units @ Rs. 13 per unit

2008 December 14 Purchase vide order No. R-30, 300 units @ Rs. 14 per unit

2008 December 18 material issued vide requisition No. 003, 350 units

2008 December 22 material issued vide requisition No. 007, 200 units

2008 December 26 Purchase vide order No. R-33, 500 unites @ Rs. 12 per unit.

2008 December 31 shortage 20 units.

Prepare store ledger

एक फर्म स्टोर खातों को 'पहले आया पहले गया' विधि से बनाती है। दिसम्बर 2008 के दौरान सामग्री की प्राप्ति और निर्गमन का लेखा निम्न प्रकार हैः

2008 दिसम्बर 01, शेष 150 इकाई 12 रु० प्रति इकाई की दर से

2008 दिसम्बर 5, क्रय आदेश नं. आर–20, 2000 इकाई 13 रु० प्रति इकाई की दर से

2008 दिसम्बर 14, क्रय आदेश नं. आर–30, 300 इकाई 14 रु० प्रति इकाई की दर से

2008 दिसम्बर 18, सामग्री निर्गमन माँग पत्र न. 003, 350 इकाईयां

2008 दिसम्बर 22, सामग्री निर्गमन माँग पत्र न. 007, 200 इकाईयां

2008 दिसम्बर 26, क्रय आदेश संख्या आर–33, 500 इकाईयां 12 रु० प्रति इकाई की दर से

2008 दिसम्बर कमी 20 इकाई

स्टोर लैजर तैयार कीजिए।

5. **Project work**

Vikaram who is your friend and lives in a village, wants to start a free dispensary in his village in which neither there is a doctor nor any health centre run by the government. He has been assured all financial help by an NGO. Prepare a cost sheet for him to work out the cost of setting up such dispensary to be submitted to the NGO.

परियोजना कार्य

आपका मित्र विक्रम जो एक गाँव में रहता है अपने गाँव में मुफ्त दवाखाना खोलना चाहता है। उसके गाँव में न तो कोई डॉक्टर है न ही सरकार द्वारा संचालित कोई स्वास्थ्य केन्द्र। एक एनजीओ उसे पूरी वित्तीय सहायता सुनिश्चित करती है। उसके लिए लागत विवरण तैयार कीजिए जो ऐसा दवाखाना स्थापित करने की लागत बताए। इस विवरण को एनजीओ को दिया जाना है।